स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार 18 जुलाई 2017

# गन्ना अनुसंधान संस्थान को मिला राजभाषा का प्रतिष्ठित पुरस्कार

संवाददाता, लखनऊ।




भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के 89 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार समारोह में संस्थान की पत्रिका इक्षु को प्रतिष्ठित गणेश शंकर विद्यार्थी हिंदी पत्रिका का प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह एवं कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री सुदर्शन भगत द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

इस दौरान मंच पर डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअनुप नई दिल्ली एवं छबिलेन्द्र राउल, अपर सचिव डेयर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर नई दिल्ली के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में यह पुरस्कार मंत्री से संस्थान के निदेशक डॉ. एडी पाठक, राजभाषा के प्रभारी डॉ. एके साह, तकनीकी अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने प्राप्त किया। इस वर्ष परिषद के विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिकाओं के मूल्यांकन उपरांत इक्षु को गणेश शंकर विद्यार्थी हिंदी पत्रिका का प्रथम पुरस्कार के लिए उच्च स्तरीय समिति द्वारा चयनित किया गया था। यह संस्थान के लिए गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिस्पर्धा में यहां की पत्रिका इक्षु को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में रखा गया। इक्षु अर्धवार्षिक राजभाषा पत्रिका है जिसे भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित किया जाता है तथा मुख्य संपादक डॉ. एके साह हैं। इस पत्रिका में राजभाषा प्रभाग में राजभाषा हिंदी से जुड़े हुए लेखय ज्ञान विज्ञान में कृषि से संबन्धित विषयों के लेखों, आरोग्य एवं संजीवनी में कृषि, एवं मानव स्वास्थ्य पशु से संबन्धित विषयों एवं आमोद-प्रमोद प्रभाग में कविता एवं कहानियों को संकलित किया जाता है।

IV | दैनिक जागरण लखनऊ, 18 जुलाई 2017

# इक्षु पत्रिका को राजभाषा पुरस्कार मिला

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के 89 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार समारोह में संस्थान की पत्रिका इक्षु को प्रतिष्ठित गणेश शंकर विद्यार्थी हिंदी पत्रिका के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह एवं कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री सुदर्शन भगत द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किया गया। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार संस्थान के निदेशक डॉ.एडी पाठक, राजभाषा के प्रभारी डॉ.एके शाह एवं तकनीकी अधिकारी राजभाषा अभिषेक कुमार सिंह ने प्राप्त किया। इक्षु अर्धवार्षिक राजभाषा पत्रिका है, जिसे भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित किया जाता है। पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ.एके शाह हैं।